राजभाषा प्रकोष्ठ

रामानुजन महाविद्यालय

दिनांक: 06.03.2025

<u>सूचना</u>

सभी शिक्षकों, प्रशासनिक विभाग के कर्मियों एवं छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय की गृह पत्रिका में प्रकाशित किए जाने हेतु लेख, कविताएं,लघु कथाएं स्मृतियाँ एवं अन्य रचनात्मक लेखन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक **<u>प्रतिभागी निम्नलिखित ईमेल आईडी पर अपनी प्रविष्टियां भेज सकते हैं।</u>**

महाविद्यालय की आधिकारिक मेल से आपकी प्रविष्टियां विश्वविद्यालय को भेज दी जाएंगी

ईमेल आईडी: rajbhasharc@ramanujan.du.ac.in
अंतिम तिथि: 12 मार्च '25
आप सभी से अनुरोध है कि समय सीमा से पहले अपनी रचनाएं साझा करें।

- कृपया निम्नलिखित नियमों के अनुसार अपनी एंट्री भेजें।

1. फाइल को अपने नाम से रिनेम करें।

2. हस्तलिखित और टाइप की हुई दोनों प्रतियों को मेल करें।

<u>अधिक जानकारी के लिए कृपया (संलग्नक पत्र) संख्या आरबीसी/23/गृ.प./2024/10233-10573-देखें</u>

प्रो. मधु कौशिक
संयोजिका
राजभाषा प्रकोष्ठ

326
6.3.25

दिल्ली विश्वविद्यालय UNIVERSITY OF DELHI

(राजभाषा प्रकोष्ठ RAJBHASHA CELL)

कमरा संख्या : 107, प्रथम तल, नया प्रशासनिक खंड, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-110007(दूरभाष:011-27666269, एक्स नं.: 1225)

Room No.: 107, I[st] Floor, New Administrative Block, University of Delhi, Delhi-110007 (Phone:011-27666269, Ext. No.: 1225)

(अनुस्मारक – II)

फाइल संख्या: आरबीसी/23/गृ.प./2024/10233-10573 दिनांक : 03-03-2025.

विषय Sub : गृहपत्रिका का प्रकाशन Publication of In-house magazine.

संदर्भ : राजभाषा प्रकोष्ठ के दिनाकं 09/12/2024 के परिपत्र सं.: आरबीसी/23/गृ.प./2024/7164-7481

संदर्भ : राजभाषा प्रकोष्ठ के दिनाकं 29/01/2025 के परिपत्र सं.: आरबीसी/23/गृ.प./2024/9274-9614

उपर्युक्त संदर्भित परिपत्र के संबंध में विश्वविद्यालय की गृह पत्रिका में प्रकाशित किए जाने हेतु विश्वविद्यालय के सभी विभाग/केंद्र/अनुभाग/शाखा के अधिकारियों/कर्मचारियों एवं शिक्षकों से तकनीकी लेख(अधिकतम 1000 शब्द), रुचिकर लेख जैसे लघु कथाएँ, स्मृतियाँ, यात्रा वृत्तांत, कविताएं, अन्य भारतीय भाषाओं के अनुदित लेख/कविताएं, प्रेरक प्रसंग और उद्धरण आदि के लिए अनुरोध किया गया था। किन्तु अभी तक राजभाषा प्रकोष्ठ को केवल कुछ ही लेख/कविताएं प्राप्त हुई है। अत: आप सभी से पुन: अनुरोध है कि उक्त गृहपत्रिका हेतु अधिक से अधिक हिंदी में तकनीकी लेख(अधिकतम 1000 शब्द), रुचिकर लेख जैसे लघु कथाएँ, स्मृतियाँ, यात्रा वृत्तांत, कविताएं, अन्य भारतीय भाषाओं के अनुदित लेख/कविताएं, प्रेरक प्रसंग और उद्धरण आदि प्रकाशन के लिए भेजें। रचनाएं कागज टंकित होने के साथ उसकी एक सॉफ्ट कॉपी राजभाषा प्रकोष्ठ की ई-मेल ar_rajbhasha@admin.du.ac.in पर भी भेजें। रचनाएं संपादक मंडल की अनुमति के पश्चात ही प्रकाशित की जाएंगी और अस्वीकृत रचनाएं लेखकों को लौटाई नहीं जाएंगी। साथ ही अनावश्यक विवाद से बचने के लिए घोषित करें कि प्रकाशनार्थ प्रस्तावित लेख स्वरचित/मौलिक/अप्रकाशित हैं।

अनुरोध है कि कृपया **दिनांक 17/03/2025** तक सहायक कुलसचिव(राजभाषा), कमरा संख्या - 107, राजभाषा प्रकोष्ठ, नया प्रशासनिक खंड(उत्तरी परिसर), दिल्ली विश्वविद्यालय को अपनी रचनाएं अवश्य भेज दें।

03/03/25
(धर्मेन्द्र मीना)
सहायक कुलसचिव (रा.भा.)

सभी शिक्षकगण, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण - **द्वारा : सूचना पट्ट**
सभी विभाग/कार्यालय/अनुभाग प्रमुख

प्रतिलिपि :

1. सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या,
2. निदेशक, कंप्यूटर केंद्र - अनुरोध है कि कृपया इसे वेबसाइट(इंटरनेट) पर अपलोड करें।

Scanned with OKEN Scanner